

आपके बच्चे की सहायता के लिए

शुरुआती बचपन शुरुआती हस्तक्षेप

Help for your child

Early Childhood Early Intervention

आसान अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवादित

Translated from Easy English into Hindi

ndis.gov.au

कठिन शब्द

इस पुस्तक में कुछ कठिन शब्द दिए गए हैं।

पहली बार कठिन शब्द लिखे जाने पर

- यह शब्द नीले रंग में लिखा जाता है

- हम कठिन शब्द का अर्थ लिखते हैं।

आप इस पुस्तक से सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं

आप अपनी सहायता के लिए किसी अन्य व्यक्ति से

- इस पुस्तक को पढ़ने के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं

- यह पुस्तक किस विषय पर है, इसे समझाने के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं

- और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं

इस पुस्तक के बारे में

यह पुस्तक

- राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना (National Disability Insurance Scheme) या एनडीआईएस (NDIS)

  तथा

- शुरुआती बचपन शुरुआती हस्तक्षेप (Early Childhood Early Intervention) या ईसीईआई (ECEI) के बारे में है।



NDIS 65 वर्ष से कम आयु के **स्थायी** और **गंभीर** विकलाँगता से ग्रस्त लोगों को उनकी आवश्यकता के समर्थन और सेवाएँ प्राप्त करने में सहायता देती है।

स्थायी का अर्थ है कि विकलाँगता समाप्त **नहीं** होगी।

गंभीर का अर्थ है कि विकलाँगता दैनिक कार्य-कलापों में लोगों को प्रभावित करती है।



शुरुआती बचपन शुरुआती हस्तक्षेप या ECEI 0 से 6 वर्ष की आयु के विकलाँगता या **विकासात्मक विलंब** से ग्रस्त बच्चों की सहायता करता है।

विकासात्मक विलंब का अर्थ है कि किसी बच्चे को अपनी आयु के अन्य बच्चों की तुलना में दैनिक कार्य-कलाप करने में कठिनाई होती है। उदाहरण के लिए, स्वयं कपड़े बदलना।

यह पुस्तक आपको अपने बच्चे की सहायता करने के लिए एक **शुरुआती बचपन साथी (Early Childhood Partner)** की खोज करने के बारे में बताएगी।



शुरुआती बचपन साथी बच्चों और परिवारों को सहायता और सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए NDIS के साथ मिलकर काम करता है।

आप अपने बच्चे के लिए सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं



अपने बच्चे को जीवन में जल्दी सहायता उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण होता है।

अपने बच्चे के लिए जल्दी समर्थन प्राप्त करने से उसे अच्छा जीवन जीने का सबसे अच्छा अवसर मिल पाएगा।

NDIS आपको अपने बच्चे को शुरुआती समर्थन उपलब्ध कराने में सहायता दे सकता है।

बच्चे एनडीआईएस शुरुआती बचपन साथी (NDIS Early Childhood Partner) से समर्थन सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं।



शुरुआती बचपन साथी इन बातों के बारे में आपकी सहायता कर सकता है:

- अपने बच्चे की आवश्यकता के समर्थनों का पता लगाना
- अपने बच्चे के लिए सही विकल्पों के चयन हेतु जानकारी प्राप्त करना।



आपको अपने बच्चे के बारे में चिंता हो सकती है।

आप इन बातों के बारे में चिंतित हो सकते/सकती हैं:

- वह खेल कैसे खेलेगा

- वह दूसरे बच्चों के साथ कैसे बात करेगा



- वह अपनी इच्छाओं और आवश्यकताओं के बारे में आपको कैसे बताएगा।

यदि आप अपने बच्चे के बारे में चिंतित हैं, तो आपको एक शुरुआती बचपन साथी से बात करनी चाहिए।

अपने शुरुआती बचपन साथी से कैसे बात करें

आप शुरुआती बचपन साथी को कॉल कर सकते/सकती हैं।



आप हमारी वेबसाइट से एक **रेफरल फॉर्म** प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

www.ndis.gov.au



रेफरल फॉर्म एक पत्र होता है जिसमें हमें आपके बच्चे के बारे में बताया जाता है, ताकि उसे अपने लिए आवश्यक समर्थन और सेवाएँ मिल सकें।

डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य कर्मी आपको रेफरल फॉर्म भरने में सहायता दे सकता है।



जब आप शुरुआती बचपन साथी से मिलते/मिलती हैं, तो वह

- यह समझने के लिए आपसे बात करेगा कि आपके बच्चे को क्या चाहिए



- आपके बच्चे के बारे में जानकारी और रिपोर्टें पढ़ेगा



- आपकी और आपके बच्चे की सहायता के लिए जानकारी उपलब्ध कराएगा



- आपको मिलने वाले अलग-अलग समर्थनों के बारे में बात करेगा

- आगे क्या होगा, इसके बारे में योजना बनाएगा।

आपका शुरुआती बचपन साथी



आपके/आपकी शुरुआती बचपन साथी का नाम है

____

आप उन्हें इस नंबर पर कॉल कर सकते/सकती हैं

____



उनकी वेबसाइट है

____

और अधिक जानकारी

हमारी वेबसाइट पर जाएँ

www.ndis.gov.au

कॉल करें 1800 800 110

सोमवार से शुक्रवार

जिन लोगों को अंग्रेज़ी में सहायता की आवश्यकता है

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

131 450

जिन लोगों को बोलने या सुनने में सहायता की आवश्यकता है

टीटीवाई

कॉल करें 1800 555 677

National Relay Service

राष्ट्रीय रिले सेवा

www.communications.gov.au/accesshub/nrs

टिप्पणियाँ

© Scope (Aust) Ltd. आप इस दस्तावेज़ का उपयोग केवल अपने व्यक्तिगत, गैर-वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए ही कर सकते/सकती हैं। आपको किसी अन्य उद्देश्य के लिए इस दस्तावेज़ का उपयोग नहीं करना चाहिए, और Scope (Aust) Ltd की पूर्व सहमति के बिना इस दस्तावेज की या इसके किसी भी अंश की प्रतिलिपि, पुनर्प्रस्तुति, अंकीकरण, सँचार, अनुकूलन, या सँशोधन नहीं करना चाहिए (या किसी अन्य व्यक्ति को ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं करना चाहिए)।

Scope के सँचार और समावेशन सँसाधन केंद्र ने अगस्त, 2019 में आसान अंग्रेज़ी सँस्करण लिखा है।

Scope से सँपर्क करने के लिए 1300 472 673 पर कॉल करें या वेबसाइट www.scopeaust.org.au पर जाएँ।

राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा एजेंसी (National Disability Insurance Agency) से मूल सँपर्क को देखने के लिए।

उत्पाद सँख्या DA0415 अगस्त, 2019.

चित्र संचार चिह्न (Picture Communication Symbols) © 1981–2019 Tobii Dynavox द्वारा।

पूरे विश्व में सर्वाधिकार सुरक्षित। अनुमति के साथ उपयोग किया गया है।

Boardmaker®, Tobii Dynavox का एक ट्रेडमार्क है।

ndis

scope
making it happen